हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 28 जनवरी 2026

जरगांव में 77वां गणतंत्र दिवस और वार्षिक उत्सव मनाया गया 13



14 77वें गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति का सैलाब, मंत्री...






## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**नवापारा-राजिम।** नगर पालिका कार्यालय के सामने 28 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विभिन्न मुद्दों को लेकर नवापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में धरना प्रदर्शन की जाएगी। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर में भागीरथी नल जल योजना एवं नल जल कर में की गई भारी वृद्धि, सफाई कर में वृद्धि, संपत्ति कर में की गई वृद्धि एवं शिक्षा उप कर लागू किए जाने तथा वार्ड नं 20 एवं 21 के स्वीकृत राशन दुकान वार्ड नं 2 में खोले जाने के विरोध सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### अलग-अलग हादसों में 8 लोग घायल, जिला अस्पताल रिफर

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में सोमवार देर शाम जिड़ार मार्ग में दो मोटर साइकिल टकराने से 5 लोग घायल हो गए। वहीं दो अन्य अलग-अलग घटना में तीन लोग घायल हो गए घायलों को मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां से प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार यारसिंह, दिव्यांश, खिलावन नागेश, देवसिंह नागेश, कैलाश नागेश को चोट आने से घायल हो गए है।

### चोरी, एक लाख से ज्यादा के गहने पार

**महासमुंद।** बागबाहरा के झलप चौक स्थित एक घर से एक लाख रुपए से ज्यादा के गहनों की चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार व्यापारी तालाब झलप चौक निवासी लक्ष्मीनारायण साहू पिता ओशराम साहू के घर से बीते महीने की 25 तारीख को अपने गले का आभूषण सोने का चैन (22.5 से 23 ग्राम), सोने का ओम लॉकेट (2.840 ग्राम) तथा पत्नी के कान का आभूषण सोने की बाली (4 ग्राम के लगभग) को एक साथ अलग से एक डिब्बे में भरकर लकड़ी के आलमारी में सुरक्षित रखा हुआ था। जब 23 जनवरी को आलमारी को खोलकर देखा तो उस डिब्बे से गहने गायब थे। प्रार्थी ने करीब 110320 रूपये के गहने चोरी होने की जानकारी रिपोर्ट में दी है। मामले में बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# राजिम कुंभ कल्प मेले की तैयारियों में भारी चूक, मंत्री अग्रवाल ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेला 1 फरवरी से 15 फरवरी तक होने जा रहा है जिसके लिए अब 3 दिन का समय शेष रह गया है, इसके बावजूद मेला मैदान में तैयारियां धीमी, अव्यवस्थित और बिना आवश्यक सुरक्षा मानकों के की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान मेला क्षेत्र में अव्यवस्थित निर्माण कार्य, मूलभूत सुविधाओं की कमी और जिम्मेदारों की उदासीनता देखकर मंत्री राजेश अग्रवाल ने अधिकारियों व इवेंट एजेंसी के जिम्मेदारों को मौके पर ही फटकार लगाई। वैसे भी मजदूर सुरक्षा में चूक के बाद अब राजिम कुंभ कल्प मेला की व्यवस्थाओं को लेकर असली जड़ सामने आने लगी है। मंत्री राजेश अग्रवाल के

**करोड़ों का खर्च, फिर भी मैदान बंजर**





औचक निरीक्षण ने सिर्फ मौके की अव्यवस्थाएं ही नहीं, बल्कि पिछले तीन वर्षों से चल रहे इवेंट आधारित टेंडर सिस्टम पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों की मानें तो मेला प्रबंधन में बार-बार सामने आ रही लापरवाहियों के पीछे यही इवेंट सिस्टम सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है। समयाभाव के कारण अपनाई गई इवेंट सिस्टम, राजिम कुंभ कल्प मेला छत्तीसगढ़ शासन का वृहद धार्मिक आयोजन है, जहां हर वर्ष लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। इतनी बड़ी भीड़, विशाल क्षेत्र और बहुआयामी व्यवस्थाओं के लिए पिछले तीन वर्षों से लगभग सभी प्रमुख कार्य निर्माण, पंडाल, मंच, बिजली, बैरिकेटिंग, सजावट से लेकर कई अन्य व्यवस्थाएं इवेंट एजेंसी को ▶▶ शेष पेज 12 पर


## विरोध : किसानों ने दिया धरना, कर्मचारियों को घंटों बंधक बनाए रखा

# बोरसी उपार्जन केंद्र में बवाल, किसानों ने प्रबंधक समेत कर्मचारियों को दफ्तर में किया नजरबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोरसी

बोरसी उपार्जन केन्द्र में समिति प्रबंधन की अव्यवस्था से किसानों के समक्ष गंभीर समस्या उत्पन्न से किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। बिजली, रवेली, चैतरा, बहेरपाल बोरसी के आक्रोशित किसानों ने मंगलवार को दोपहर 12 बजे समीति प्रबंधक सहित सभी कर्मचारियों को कार्यालय अन्दर कर बाहर से ताला जड़ दिया और उन्हें घंटो बंधक बनाए रखा। वहीं धरना जैसे स्थिति निर्मित हो गया। बिजली के किसान रमेश यादव ने आत्महत्या की चेतावनी प्रशासन को दी है। तहसीलदार फिंगेश्वर डिम्पल ध्रुव और पुलिस थाना फिंगेश्वर जयप्रकाश नेताम को सूचना मिलते ही तत्काल बोरसी उपार्जन केन्द्र पहुंचकर सबसे पहले ताला खोला और बंधक कर्मचारी को मुक्त कराया गया। थोड़ी देर बाद खाद्य अधिकारी सोनाली ठाकुर पहुंच गई। प्रबंधन समिति, नोडल अधिकारी की अव्यवस्था के चलते ▶▶ शेष पेज 12 पर

■ तहसीलदार ने ताला खोलकर मुक्त किया





**लापरवाही का आरोप, 12 हजार क्विंटल धान दांव पर**

शेष बचे समय इस हिसाब से सिर्फ 48 सौ क्विंटल की खरीदी हो सकती है। अन्य किसानों की इससे वंचित रह सकते। इस लिहाज से 41 सौ क्विंटल प्रति दिन का लिमिट प्रशासन तय करने से 12200 क्विंटल की खरीदी हो सकती। ताकि किसान यह सुनिश्चित कर सकें कि उनका धान बिक पाएगा। इसी मांग को लेकर 27 जनवरी किसानों का हल्लाबोल प्रदर्शन रहा है। यह भी कहा सरकार किसी का भी रहे बोरसी केन्द्र शुरू से ही किसानों को परेशान कर रही है। किसान आज यहां मौजूद हैं और सभी की मांग जायज है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आज के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो आगे भी बड़ी आंदोलन जारी होगा। वहीं तहसीलदार फिंगेश्वर अंजलि खलको ने अपनी सुझबुझ में किसानों स्थिति को सम्भाला। उन्होंने वन टू वन बहूत से किसानों की हर बात को सुनी और उनकी मंशानुरूप जांच रिपोर्टिंग व प्रतिवेदन जिसमें किसानों का



हस्ताक्षर हैं। को जिला प्रशासन कलेक्टर, खाद्य विभाग, एंव कृषि विभाग को प्रेषित किया गया। प्रतिवेदन में किसानों धान खरीदी में लिमिट बढ़ाने की मांग किया गया है। नोडल हेमन्त ध्रुव ने कहा की हमारे तरफ से 7 बार आवेदन देकर जिला प्रशासन से लिमिट बढ़ाने की मांग किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस उपार्जन केन्द्र में 1586 पंजीकृत किसान है। लगभग 70 हजार क्विंटल धान की खरीदी लिमिट है। अभी 55658 क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है। उठाव के बाद 42948 क्विंटल धान आज भी डंप है। जगह नहीं होने से वन विभाग की जगह में खरीदी हो रहा है। इस घटनाक्रम की कलेक्टर गरियाबंद को भी इसकी सुचना दी गई। तहसील कार्यालय से सुभाष सिन्हा, शिव सिन्हा, समीति प्रबंधक ने नेहरू साहू, नोडल हेमन्त ध्रुव, आपरेट कुंज बिहारी साहू, महेश नेताम प्रधान आरक्षक, आरक्षण राहूल तिवारी, सैकड़ों किसान पत्रकार उपस्थित थे।

# टाइगर रिजर्व क्षेत्रों में नाइट कफ्र्यू, शाम 6 से सुबह 6 बजे तक आवागमन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर



गरियाबंद और धमतरी जिले के वन्यजीव प्रेमियों और यात्रियों के लिए उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र से गुजरने वाली सड़कों पर अब सूर्यास्त से सूर्योदय तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। माननीय उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) के आदेश के बाद वन विभाग ने शाम 6:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक बैरियर बंद रखने का निर्णय लिया है। नेशनल हाइवे 130 सी सहित गरियाबंद व धमतरी जिले के कई सड़को पर सूर्यास्त स सूर्योदय तक आवागमन प्रतिबंध रहेगा। बाघों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक डब्ल्यूपी (सी) नंबर 202/1995 के आईए नंबर 20650/2023 में उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 17.11.2025 को निर्णय पारित किया गया है, जिसके अनुसार टायगर रिजर्व के कोर क्रिटिकल टायगर हैबिटेट से गुजरने वाली सड़कों में सूर्यास्त से सूर्योदय तक वाहनों का प्रवेश (एम्बुलेंस आपातकालीन स्थिति को छोड़कर) प्रतिबंधित रखा जाए। उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व वन्यप्राणी रहवास कोर क्षेत्र अंतर्गत स्थित जांच नाका (बेरियर) को शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद रखा जाना आवश्यक है। ताकि उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा पारित निर्णय ध्निर्देशों का पालन सुनिश्चित हो तथा उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व से गुजरने वाले सड़को में सूर्यास्त से सूर्योदय तक वाहनों का प्रवेश (एम्बुलेंस इमरजेंसी वाहन आपातकालीन स्थिति को छोड़कर) प्रतिबंधित रखा जा सके। विवरण निम्नानुसार है। गरियाबंद जिले के तौरेंगा बेरियर, जुगाड़ बेरियर, जांगड़ा बेरियर, बम्हनीझोला बेरियर, गरीबा बेरियर, ओड़िशा कक्ष क्रमांक 1230 इंदागांव बेरियर शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद रखा जायेगा। गरियाबंद जिले के उदंती टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र अंतर्गत जुगाड़ बीट क्रमांक 89 से उदंती नदी कोयबा गांव तक सड़क 130 सी नेशनल हाइवे के साथ निम्नानुसार मार्ग प्रभावित रहेगा। इस क्षेत्र में दर्जनो मार्गो को शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद रखा जायेगा।

# गणतंत्र दिवस की रात तीन दुकानों के ताले टूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

ग्राम पंचायत रसेला और ग्राम पंचायत दादरगाव नया के आश्रित ग्राम फूलबाहरा में 26 जनवरी की रात सड़क किनारे चोरों ने दुस्साहस दिखाते हुए तीन दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। ज्ञात हो राजेंद्र जगत फूलबाहरा निवासी के दुकान में ताला तोड़कर करीब 10 लीटर पेट्रोल और पांच हजार रुपए नगद चुराई, इस तरह राधेलाल नायक

**सीसीटीवी में तीन संदिग्ध कैद**



के दुकान के शटर को लोहे की राड से करीब दो फीट ऊपर उठाया और गल्ले में रखी 4 हजार रुपए और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। इसी कड़ी में केवल साहू के दूकान का ताला तोड़कर चोरी करने की कोशिश की गई मगर नाकाम रहा। मालूम हो कि ये तीनों दूकानों की दूरी सड़क किनारे के आसपास मौजूद है। केवल साहू के दूकान पर जब चोर असफल रहे तो चोरो ने बस्ती अंदर जाकर केवल साहू ▶▶ शेष पेज 12 पर

# कलेक्टर ने जताई जनशिकायतों के निराकरण में देरी पर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने मंगलवार सुबह कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित की। बैठक में केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं, जनकल्याण कार्यक्रमों, अधोसंरचना विकास कार्यों तथा नागरिक सेवाओं से संबंधित विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध, प्रभावी एवं पारदर्शी रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की किसी भी योजना का लाभ कोई भी पात्र नागरिक वंचित न रहे और सभी अधिकारी अपनी जवाबदेही का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। बैठक में ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, धान खरीदी, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा व्यवस्था, राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जनशिकायत एवं

■ कलेक्टर उइके ने ली साप्ताहिक समय-सीमा बैठक



पीजी पोर्टल पर लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि सभी आवेदनों का समय-सीमा के भीतर समाधान अनिवार्य रूप से किया जाए। सीपी ग्राम में लंबे समय से लंबित पत्रों के निराकरण में हो रही देरी पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को अटल डिजिटल सेवा केंद्रों में नागरिकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा उपलब्ध सेवाओं की जानकारी फ्लेक्स बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों के बायोमेट्रिक अपडेट एवं अपार आईडी से जुड़े लंबित कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन किसानों का धान खरीदी केंद्रों में विक्रय हो चुका है, उनके भुगतान एवं प्रविष्टि की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जाए। उन्होंने धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने, आयुष्मान भारत योजना के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने, महतारी वंदन योजना के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा शासकीय राशि के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त निगरानी तंत्र विकसित करने पर जोर दिया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे, अनुविभागीय अधिकारी, जिला स्तरीय विभागों के अधिकारी, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहे।

## नवापारा नगर में हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# हल्दी-कुमकुम पर्व सांस्कृतिक एवं धार्मिक आस्था का प्रतीक : ओमकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

नगर के ऋषिदास वैष्णव भवन में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू के नेतृत्व में महिलाओं द्वारा हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के समस्त समाज की महिलाओं को सादर आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूवात मां लक्ष्मी, मां सरस्वती एवं भारत मां की पूजा अर्चना से आरम्भ की गई। कार्यक्रम को अत्यंत सुंदर एवं आकर्षक रूप में गीत-संगीत, नृत्य तथा खेल-कूद के माध्यम से संपन्न किया गया। जिसमें सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में ग्रीन आर्मी की टीम की विशेष सहभागिता रही। ग्रीन आर्मी की बहनों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू का



हल्दी-कुमकुम से पारंपरिक स्वागत-सत्कार किया गया। पूरे कार्यक्रम का वातावरण हर्षोल्लास, सौहार्द्र और आपसी भाईचारे से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न समाजों की प्रमुख महिलाओं ने सहभागिता की तथा आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। सुंदर एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए नगर की समस्त महिलाओं ने नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू को साधुवाद दिया और भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु आग्रह किया।

**सांस्कृतिक एवं धार्मिक आस्था का प्रतीक-** इस अवसर पर सभी समाज की महिलाओं ने एक स्वर में यह संदेश दिया कि हम सभी मिलकर एक नए, सशक्त और सुंदर नवापारा नगर की छवि का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने कहा कि हल्दी कुमकुम एक पर्व की तरह है। जहां हम मां लक्ष्मी, सरस्वती से अखंड सौभाग्य का वर मांगते है। यह पर्व सांस्कृतिक एवं धार्मिक आस्था का प्रतीक है। उन्होंने सभी उपस्थित महिलाओं ने हृदय से आभार व्यक्त कर उपहार भेंट की। कार्यक्रम में प्रदेश महिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य योगिता सिन्हा, तनु मिश्रा, पार्षद पूजा कंसारी, लुमेश्वरी साहू, निर्मला साहू, ग्रीन आर्मी अध्यक्ष रेणुका तिवारी, डिलन कावले, पदमिनी सोनी, लता टांडे, ऋतु वर्मा, कुसुम सोनी, अनिता देवांगन, लक्ष्मी तिवारी, सीमा शर्मा, किरण राव, अंजू अग्रवाल, दिव्या अग्रवाल, कविता साहू की विशेष सहभागिता रही।

## खबर संक्षेप



### पूर्व मंत्री चंद्रशेखर किया पौधरोपण

**नवापारा-राजिम।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने अपने गृह ग्राम मानिकचौरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपनी स्वर्गीय माता तीजाबाई की पावन स्मृति में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का प्रेरक संदेश दिया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि मां केवल जीवन देने वाली नहीं होती, बल्कि संस्कार, त्याग और सेवा की जीवंत प्रतिमूर्ति होती है। उनकी स्मृति में पौधा लगाना न केवल श्रद्धांजलि है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण का संकल्प भी है। उन्होंने कहा कि आज जब पर्यावरण असंतुलन एक बड़ी चुनौती बन चुका है, तब प्रत्येक नागरिक को अपनी मां के नाम कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से श्री साहू ने पौधों की नियमित देखभाल करने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना तभी सार्थक है, जब उसे बड़ा होते देखने और संरक्षित करने की जिम्मेदारी भी निभाई जाए। गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर आयोजित यह कार्यक्रम सामाजिक सरोकार, पर्यावरण चेतना और पारिवारिक मूल्यों का सुंदर समन्वय बनकर उभरा। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया।

### भवन में जिलाध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया



**गरियाबंद।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला कंग्रेस कमेटी गरियाबंद मुख्यालय में जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने ध्वजारोहण किया और तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित मिरि, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुलेखा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता युगल पाण्डेय,कृष्ण कुमार शर्मा, अवध यादव, महेंद्र राजपूत, जूली मेमन, भरत वखारिया, सविता गिरी, ममता फूलझरे, सुमंत देवांगन, प्रतिभा पटेल, राजेश साहू, मुकेश पाण्डेय, सविता टांडी, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**शौर्य गाथा : ब्रिटिश हुकुमत के खिलाफ विद्रोह करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के वंशज आज भी गुमनामी के जीवन जीने को मजबूर**

# हाथों-पैरों में लोहे की कीलें ठोंकी, फिर भी नहीं झुके स्वतंत्रता सेनानी माखन लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ब्रिटिश हुकुमत के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम में बहुमुल्य योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानी माखन लाल विश्वकर्मा को भले ही अब भुला दिया गया हो लेकिन उन्होने एक छोटे से गांव गाताभर्री में जन्म लेकर अग्रेजी अफसरो के दांत खट्टे कर दिए थे। देश को आजाद कराने की लड़ाई में माखन लाल वि"वकर्मा को दर्जनो बार जेल जाना पड़ा जंगलो में रहकर पेड़ के पत्तो को खाकर गुजारा करते थे और अग्रेजों के द्वारा उन्हे जो यातनाएं दी गई उसे सुनकर आज की युवाओं के खुन उबल उठता है स्वतंत्रता सेनानी माखन लाल विश्वकार्म को स्वतंत्रता आन्दोलन में पकड़े जाने पर पेड़ उनके हाथो और पैर में लोहे की खिल ठौककर लटका देते थे बवजूद इसके युवा स्वंतंत्रता सेनानी माखन लाल विश्वकार्म ब्रिटिश हुकुमत के खिलाफ अपना आन्दोलन जारी रखा और देश आजाद होने के बाद सम्मान भी उन्हे दिया गया। आजादी के 25वीं वर्शगांठ पर भारत के तत्कालिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने माखनलाल विश्वकर्मा को ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया गया है जो आज उनके वंशजों के पास सुरक्षित रखा गया है।

तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 16 किमी दूर नगरी ब्लाक के अंतिम गांव तुमड़ीबहार गाताभर्री में माखनलाल विश्वकर्मा का जन्म 1913 में हुआ और जवानी में ही कदम रखते उन्होने अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ स्वतंत्रता आन्दोलन मे कुद पड़े आज तुमड़ीबहार में उनके परिजनों द्वारा एक प्रतिमा स्वयं के खर्च से स्थापित किया गया है उनके वंशज और स्वतंत्रता सेनानी के भाई के पौत्र खेमलाल विश्वकर्मा, पदमनी विश्वकर्मा, हिरामत बाई विश्वकर्मा, हेमबाई विश्वकर्मा एवं परिजनों ने हरिभूमि को चर्चा में बताया कि उन्होने अपने पिता से उनके दादा स्वतंत्रता सेनानी माखनलाल विश्वकर्मा के बारे में जो सुने है और सरकारी रिकार्ड उनके पास मौजूद है जिसमें स्वत्रंता सेनानी माखनलाल विश्वकर्मा ने प्रारंभिक शिक्षा के साथ ही ब्रिटिश हुकुमत के खिलाफ इस छोटे से गांव से अपना जंग छेड़ दिया था तब युवा अवस्था में उनके दादा को कई बार अंग्रेजों ने जेल के सलाखों के पिछे डाल दिया और तो और नागपुर और औड़िसा के जेल में बंद कर दिया उनके हाथ और पैर को बेड़ियों से जकड़ दिया जाता था हाथों और पैरों में लोहे की किल ठोकर पेड़ो में लटका देते थे अंतिम समय तक उनके हाथ और पैर में यह निशान रहा। परिजन बताते है आज उनके दादा माखनलाल विश्वकार्मा की प्रतिमा भले सरकार नहीं लगाई है परिवार वाले लगाए है लेकिन हमें गर्व है कि हमारे दादा ने देश के आजादी के लिए अपना सबकुछ न्युछावर कर दिया।



**स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों के तरफ नहीं दिया शासन प्रशासन ने ध्यान**



मखन लाल विश्वकर्मा देश के आजादी में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जिसके चलते उन्हे अंतिम समय तक वाहनों में कहीं आने जाने पर किराए नहीं लगता था और देश के तत्कालिन प्रधानमंत्री द्वारा उन्हे ताम्रपत्र सम्मान भी प्रदान किया गया था और उनके पत्नी को भी बिसाईन बाई विश्वकर्मा को अंतिम समय तक पेंशन मिलता था लेकिन उनके परिजनों को शासन की कोई योजना का लाभ नहीं मिला। स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों को जमीन देने की योजना था वह भी नहीं मिल पाया और उनके नाम से कोई बड़े सरकारी भवनों का नामकरण नहीं किया गया।



## रसेला में मना गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला में सभी जगह एक साथ एक ही समय सुबह 7.55 को अपने अपने संस्थान में संस्था प्रमुखों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया, साथ ही राष्ट्रगान गाया और राष्ट्र के प्रति सम्मान प्रकट किया। तत्पश्चात सभी स्कूलों के बच्चों द्वारा गांव की गलियों में हाथों में तिरंगा और भारत माता की जय व वंदे मातरम्‌जैसे देशभक्ति नारों से पूरा गांव गूंज उठा। जयघोष करते हुए प्रभातफेरी निकाली गई। इस दौरान गांव में राष्ट्रीय एकता और सौंदर्य का संदेश गूंजा। इसके बाद माध्यमिक शाला प्रांगण के रंगमंच पर सभी स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसमें बच्चों द्वारा गीत, भाषण, कविता, नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से देशभक्ति का एक से बढ़कर एक संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, अध्यक्षता किया सरपंच रूपादेवी ठाकुर, विशेष अतिथि के रूप में विराजमान थे उपसरपंच परमेश्वर यादव, लोकराम यादव पटेल, शाला समिति के अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, अंजली कुंजाम, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, संतराम नेताम, पूर्व सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर,कमलेश्वर नायक,भावसिह मरकाम, प्राचार्य सुधीर मिश्रा,पंच कंसराम ठाकुर,डोमेश चौहान, पीला बाई ठाकुर, रजनी बाई यादव, कृष्णा यादव, दमयंती नागेश, सरिता ठाकुर, निर्मला निषाद सहित आमंत्रित अतिथियों मंच आसीन थे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ जिला गरियाबंद के द्वारा मेमोन्टो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत करना और आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। सभी ने मिलकर देश के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण व्यक्त किया, जिसमें गांव में देशप्रेम की भावना परिलक्षित हुई। इस दौरान सभी स्कूलों के शिक्षक, शिक्षिकाऐं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कुंजल जगत, संजय डोंगरे, देवनारायण साहू ने की।

## तरीघाट में डॉ. मतवाले ने दिया अधिकारों और कर्तव्यों का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



शासकीय हाईस्कूल तरीघाट में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, देशभक्ति और अनुशासन के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. आनंद मतवाले, अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति हाईस्कूल चिमन लाल वर्मा, सरपंच गुंजन भोलाराम वर्मा, डॉ. कोमल साहू पूर्व सरपंच, रिखी राम वर्मा, मुकेश वर्मा, रामविशाल यादव, प्राचार्य चंद्रभूषण साहू, व्याख्याता पीके साहू, झूमक लाल साहू, लक्ष्मण तारक, पुष्पा कंवर,नीतू शाह एवं सभी शिक्षकों, बच्चों की उपस्थिति में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भारत माता के छाया चित्र पर पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि पूर्व सभापति, जिला पंचायत रायपुर डॉ. आनंद मतवाले ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान की गूंज से संपूर्ण परिसर देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत हो उठा। मुख्य अतिथि डॉ. आनंद मतवाले ने अपने प्रेरक उद्बोधन में भारतीय संविधान की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, नैतिकता, शिक्षा और राष्ट्रसेवा को जीवन का लक्ष्य बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को अध्यक्ष चिमन लाल वर्मा, पूर्व सरपंच डॉ कोमल साहू,ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने ग्राम को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए आहवान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं प्रेरणादायी संदेशों से युक्त कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित जनसमुदाय ने खूब सराहा। बच्चों की प्रस्तुतियों ने स्वतंत्रता संग्राम, संविधान निर्माण और राष्ट्रीय एकता के संदेश को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, अभिभावक, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समापन अवसर पर सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और संविधान के मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक जागेंद्र साहू द्वारा आभार प्रदर्शन प्राचार्य चंद्रभूषण साहू ने किया।



## इण्डियन पब्लिक हाई स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



इण्डियन पब्लिक हाई स्कूल तुमगांव, (छुरा) में 77वा गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया।इस उत्सव के प्रति प्यार और सम्मान और देशभक्ति का उत्साह सभी विद्यार्थियों के चहेरे पर साफ़ झलक रहा था।इस समारोह में मुख्य अतिथि की भूमिका,देवकी साहू,भेषिका सिन्हा,पुनितराम ठाकुर,दिनेश कुमार साहू,डिगेश कुमार साहू ने निभाई । सर्वप्रथम सभी अतिथियों द्वारा भारत माता के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात विद्यार्थियो द्वारा राष्टगान और राष्ट्रगीत गाया गया भारत माता की जय, गणतंत्र दिवस अमर रहे,तलवारों से लिखी कहानी,ऐसी थी झांसी की रानी,अहिंसा का ले आया आंधी,ऐसे थे महात्मा गांधी के जय- घोष के साथ विद्यार्थियो ने नगर भ्रमण किया।नगर भ्रमण से आने के बाद स्कूल प्रागंण में सभी विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, गीत, कविता, भाषण की प्रस्तुती हुई, जो इतनी अच्छी थी जिसने अंत तक दर्शकों को कार्यक्रम से जोड़ा रहा। इस कार्यक्रम में प्रीतम साहू संस्था प्रमुख, रेवेंद्र दीक्षित एचओडी, शशि तिवारी प्राचार्य, प्राची साहू विद्यालय प्रबंधक, नंदेश्वरी साहू, सोनिया सोनी, मंगला देवी राजपूत, यमुना नेताम, एकता वर्मा, प्रेरणा साहू, दिशा साहू, रागिनी यादव, मुस्कान चंद्राकार, कीर्ति पटेल, ऊषा यादव, भारती यादव, शैलेंदी साहू, मोनिका यादव, प्रीति सेन, नाहिद खान, गुंजिता साहू, चित्ररेखा यदु, प्रियंका चंद्राकर, अंजुरानी द्विवेदी, सिमरन बानो, सुनीता निषाद, मनोज साहू, बिरेंद्र साहू, कन्हैया सोनवानी, मोहेंद्र कुमार ध्रुव, डिगेश बघेल एवं समस्त विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

## महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में पिछले 30 वर्षों से गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाने की मांग नगरवासियों द्वारा किया जा रहा था मैनपुर के सरपंच हनिता नायक के विशेष प्रयास से मैनपुर नगरवासियो का यह मांग पुरा हुआ और गणतंत्र दिवस के दिन हजारों छात्र-छात्राओं एवं नगरवासियों की उपस्थिति में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस दौरान भारत माता की जय, गांधी जी अमर रहे जैसे गगन भेदी नारे लगाये गये। मैनपुर सरपंच हनिता नायक एवं नगरवासियो द्वारा पूजा अर्चना कर विधिवत मूर्ति का अनावरण किया गया सरपंच हनिता नायक की इस प्रयास का नगरवासियों द्वारा प्रशंसा कर उन्हे बधाई दी गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व सरपंच सरिता ठाकुर, संजय नंदाल, जनपद सदस्य कुमारीबाई पटेल, बलदेव नायक, पारेश्वर नेताम, किशन नागेश, एकता दिक्षित, जाकिर रजा, एसकुमार, राजू दिक्षित, शंकर ठाकुर, बुधियाबाई नागेश, बेनुराम पाड़े, दिलिप पटेल, देवकी तिरधारी, जा"मन बानो, भागबती, डमरूधर ध्रुव, तिजन पटेल, भारती ठाकुर, फुलमति ध्रुव, टिकेश्वर नायक, रंभा कश्यप, डुमेश्वरी ध्रुव, पुष्पाबाई कश्यप, कमलेश कश्यप, सुखराम नागेश एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## लोहरसी के हृदय स्थल चौक पर इंद्रजीत ने फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोहरसी के हृदय स्थल में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत माहडिक ने अपने गृह ग्राम लोहरसी मे 77 वा गणतंत्र दिवस के अवसर पर गांव के सभी नागरिकों की उपस्थिति में तथा स्कूली बच्चों की उपस्थिति में भव्य रूप से तिरंगा लहराया इस दौरान भारी संख्या मे गांव के लोग पहुंचे हुए थे जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक के साथ-साथ क्षेत्र के अन्य जन प्रतिनिधि भी मौजूद थे लोहरसी हाई स्कूल से स्कूली बच्चों की जुलूस ग्राम पंचायत भवन से होते हुए अटल चौक भ्रमण करते हुए गांव के हृदय स्थल महावीर चौक पहुंचा जहां भव्य बाजे- गाजे के साथ इंद्रजीत ने तिरंगा लहराया। उद्बोधन में कहा कि आज ही के दिन, 1950 में, हमारा संविधान लागू हुआ और भारत एक गणतंत्र बन गया । स्वतंत्रता ने हमें आजादी दी, लेकिन गणतंत्र दिवस ने हमें एक व्यवस्था दी। एक ऐसी व्यवस्था जहां हर कोई समान है और हर आवाज़ मायने रखती है। हमारा संविधान हमारे अधिकारों की रक्षा करता है और साथ ही हमें हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है। आगे कहा की यह दिन हमें हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं के बलिदान की याद दिलाता है। गणतंत्र का अर्थ है जनता का शासन। हमारे संविधान ने सभी नागरिकों को समान अधिकार दिए हैं, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति या भाषा से हो। यह हमें स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे का संदेश देता है। इस दौरान पूर्व जनपद सदस्य पोखनलाल साहू पूर्व सरपंच घनश्याम पटेल वरिष्ठ बुजुर्ग नागरिक हरख राम साहू, दुख राम यादव, माधव यादव, राजकुमार यादव हलधर पटेल, लक्ष्मी नारायण तिवारी, विक्की तिवारी, देवलाल साहू नंदू यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विश्वजीत ठाकुर, जनक साहू, योगेश साहू, संजू साहू, हर्षवर्धन, नंद कुमार साहू, गणेशु साहू, सरपंच लोमस साहू, उपसरपंच निलेश कुमार टंडन, सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

### राजिम कुंभ कल्प...

सौंप दी जाती हैं। बता दें कि वर्ष 2024 में सरकार बदलने के बाद तैयारियों के लिए समयाभाव का तर्क देकर यह व्यवस्था अपनाई गई थी, लेकिन अब जब तैयारी के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध रहता है, तब भी अलग-अलग टेंडर जारी नहीं किए जा रहे। सूत्र बताते हैं कि तीन वर्षों से इवेंट एजेंसी का नाम अलग रहता है, लेकिन काम की जिम्मेदारी लगातार कुछेक व्यक्तियों के माध्यम से संचालित कराई जा रही है।

**एकाधिकार का खेल-** चौंकाने वाली बात यह है कि हर वर्ष इवेंट एजेंसी के कार्यों को लेकर लापरवाही, देरी और गुणवत्ता को लेकर कई शिकायतें सामने आती रही हैं, इसके बावजूद न तो सिस्टम बदला गया और न ही जिम्मेदारी तय की गई। बता दें कि राजिम कुंभ का आयोजन पिछले 22 वर्षों से हो रहा है। पहले की व्यवस्था में विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग टेंडर निकालकर वेंडर नियुक्त करते थे। इससे काम का बंटवारा स्पष्ट रहता था, अधिकारियों की जिम्मेदारी तय रहती थी और समय पर कार्य पूरा हो जाता था। अब पूरे मेला प्रबंधन का बोझ एक ही इवेंट एजेंसी पर डाल दिए जाने से न सिर्फ काम का दबाव अत्यधिक बढ़ गया है, बल्कि निगरानी और जवाबदेही भी कमजोर हो गई है। नतीजा अधूरा निर्माण, सुरक्षा मानकों की अनदेखी, मजदूरों के लिए सुरक्षा उपकरणों की कमी और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में अव्यवस्था बनती जा रही है। बार बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद हालात में सुधार न होना इस बात का संकेत है कि इवेंट सिस्टम सिर्फ कागजों में सुचारु है, जमीनी स्तर पर पूरी तरह फेल साबित हो रहा है।

**विवादों के घेरे में इवेंट आधारित टेंडर सिस्टम-** मंत्री के निरीक्षण के दौरान जो खामियां सामने आईं, वो कोई एक दिन की लापरवाही नहीं, बल्कि पिछले 2 वर्षों से चली आ रही अव्यवस्था का नतीजा माना जा रहा हैं। निरीक्षण के दौरान मंत्री राजेश अग्रवाल ने कड़े शब्दों में कहा कि राजिम कुंभ कल्प राज्य की आस्था, संस्कृति और शासन की साख से जुड़ा आयोजन है। यहां किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनके सख्त तेवरों के बाद अब यह सवाल और तेज हो गया है कि क्या शासन इस एकाधिकार वाले इवेंट सिस्टम की समीक्षा करेगा? क्या भविष्य में फिर से अलग-अलग टेंडर जारी कर जिम्मेदारियों का स्पष्ट बंटवारा किया जाएगा? मेला प्रशासन और इवेंट एजेंसी पर बढ़ते दबाव के बीच अब यह मुद्दा सिर्फ व्यवस्थाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और टेंडर प्रक्रिया की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े हुए है। अगर समय रहते सिस्टम में सुधार नहीं हुआ, तो हर साल राजिम कुंभ कल्प में सामने आने वाली लापरवाहियां शासन और प्रशासन दोनों के लिए बड़ी परेशानी बन सकती हैं। मालूम हो कि ये आयोजन कई करोड़ो रूपए का रहता है जिसे अस्थाई व्यवस्था कहे तो गलत नही होगा। करोड़ो रूपए स्वाहा हो जाता है और महाशिवरात्रि पर्व में मेला खत्म होने के बाद नया मेला मैदान बंजर जैसा नजर आता है।

### बोरसी उपार्जन केंद्र...

यह स्थिति निर्मित हुई है। उक्त उपार्जन केन्द्र बोरसी में बिजली , रवेली, चैतरा सहित बोरसी, बेहरापाल के 200 से अधिक संख्या में किसान उपस्थित थे। जनपद सभापति नंदू यादव बिजली, भागीरथी आड़े चैतरा, रमेश यादव बिजली, नारायण साहू, हूकुम सिन्हा बोरसी, छन्नु साहू अध्यक्ष प्राधिकृत अधिकारी, शिवानंद, दसरू चैतरा, नारद सिन्हा बोरसी जागेश्वर चैतरा, उमेश साहू बोरसी, गैदराम रवेली, अवध चैतरा, शिवकुमार साहू, चमन साहू, नारायण, धनसाय इत्यादि किसान ने कहा कि 293 किसानों की 1220 क्विंटल धान बेचने शेष है, खरीदी तारीख महज 3 दिन बाकी रह गया है। वर्तमान खरीदी लिमिट 16 क्विंटल है। इस बीच में समीति प्रबंधक नेहरू साहू की घोर लापरवाही सामने आया है कि उन्होंने 15 से 20 जनवरी तक आफ लाईन खरीदी बंद कर दिया जिससे 25 सौ क्विंटल धान खरीदी नहीं हो सका। यदि खरीदी हुई रहती तो बचत खरीदी का आंकड़ा कम हो जाता।

### गणतंत्र दिवस की...

के घर में दिवाल कूदकर घर में चोरी करने घुसे उसी समय घर वाले आवाज़ देने पर चोरों ने भाग निकले। जैसी सुबह हुआ तो दुकानदारों अपने दुकान देकर होश उड़ गए। और यहां खबर आग की तरह फैल गई। इस घटना को लेकर दुकानदार व गांव वालों के साथ थाना छुरा रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जांच पर पहुंची पुलिस ने सभी तरह के एंगल को जांच किया गया। साथ ही मीनीकेतन नायक के घर पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है। क्योंकि सीसीटीवी फुटेज पर तीन लोग दिखाई दे रहे हैं, मगर धूधलहा के वजह से चेहरे स्पष्ट नजर नहीं आ रहा है। इस चोरी की घटनाएं से लोगो दहशत में हैं। इस तरह से क्षेत्र में चोरी होने का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है,और बदमाशों की तलाश में जुटी है।

## विधायक साहू ने नवापारा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



विधायक इंद्रकुमार साहू ने नवापारा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा का सम्मान कर उन्हें उनके सामाजिक दायित्वों और संगठनात्मक कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी। यह सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों एवं पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव से ज्ञान, संस्कार और समाज को दिशा देने की भूमिका निभाता रहा है। नवापारा ब्राह्मण समाज द्वारा सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक संरक्षण और युवा पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में समाज की गतिविधियाँ और अधिक संगठित एवं प्रभावी हुई हैं। विधायक श्री साहू ने श्री शर्मा को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की और समाज हित में निरंतर कार्य करते रहने का आह्वान किया। सम्मान प्राप्त होने पर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रसन्न शर्मा ने विधायक श्री साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को एकजुट कर शिक्षा, संस्कार और सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के सहयोग से सकारात्मक पहल को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## खबर संक्षेप



### जरगांव में 7गणतंत्र दिवस और वार्षिक उत्सव मनाया गया

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम जरगांव के हाईस्कूल, माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला के संयुक्त तत्वावधान में 77 वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच रूपवु राम ध्रुव के करकमलों द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पूजन वन्दन कर किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की वन्दना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्वागत गीत के माध्यम से सभी आगंतुकों का स्वागत का स्वागत किया गया। पश्चात लगातार देर शाम तक कार्यक्रम चलता रहा।जोहार जोहार, चांद वाला मुखड़ा, वन्दे मातरम्, पानी सिटिर सिटिर, रिमिक्स,गैस्टर बेबी, जय भारती वन्दे भारती, बैला के घाघर, गुलाबी सरारा, आमा पान के पतरी, बसदेवा गीत, हास्य नाटक बैगा बबा ने दर्शकों को खूब हंसाया। सभी गीतों पर दर्शकों ने खूब पुरस्कार भी प्रदान किए। इस दिन पूरे गांव में कामकाज बंद किया गया था। ताकि इस पर्व पर सभी एकत्र होकर कार्यक्रम का आनंद लें सकें। आसपास के क्षेत्र से कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए बहुत सी महिलाएं एकत्र थीं। बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक गीतों पर नृत्य किया गया। अलग-अलग परिधान में सज्जित अलग-अलग राज्यों के नृत्य पेश किए गए। इसी बीच नवसाक्षरों के द्वारा पठन पाठन तथा छोटे छोटे गणितीय पहेलियां भी प्रस्तुत किए गए। उल्लास मेला में नवसाक्षरों ने बढ़ कर हिस्सा लिया गया। प्रभातफेरी निकाली गई तथा बच्चों, तथा ग्रामवासियों को मुंह मीठा कराया गया। कार्यक्रम में सरपंच रूपवु राम ध्रुव, बाबूलाल ध्रुव विनोद कुमार साहू, रामाधार साहू, मदन लाल ध्रुव, डुगेन्द्र पटेल, नरोत्तम ध्रुव, प्राचार्य चेतनलाल साहू, संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव, कन्हैयालाल यादव प्रधानपाठक, रामबती, चुम्मन ध्रुव, गौकरण बंजारे, पुखराज ठाकुर, विश्वा सूर्यवंशी, भोगेन्द्र ठाकुर, जासविन्द मार्कण्डेय, पदमनी ध्रुव, विकास शुक्ला, निर्मला ध्रुव पंच, मधुर ध्रुव, तिलक राम, लोकनाथ साहू, बहादुर विश्वकर्मा, द्रोपती साहू, नीलम ध्रुव पूर्व सरपंच, उमा मिश्रा, मीरा ध्रुव पंच, नकुल साहू, टामिन ध्रुव, पुरूषोत्तम ध्रुव, आदि उपस्थित थे।

# विधायक ध्रुव ने फहराया तिरंगा, प्रभात फेरी में हुए शामिल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखंड क्षेत्र में गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, सभी शासकीय और अर्धशासकीय कार्यालयों में शान के साथ तिरंगा झंडा फहराया गया। गांधी चौक देवभोग में बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने ध्वजारोहण कर छात्र-छात्राओं एवं पूरे क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस पर्व की बधाई दी साथ ही प्रभात फेरी में शामिल हुआ। मैनपुर के हृदय स्थल हमर मैनपुर चौक में 8:30 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने ध्वजारोहण किया और झंडा सलामी दी तथा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया भारत माता की गगन भेदी जयकारे लगाये गए। इस मौके पर प्रमुख रूप से महामंत्री गेंदु यादव, नेयाल नेताम, किसान कांग्रेस अध्यक्ष टीकम कपिल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, शाहिद मेमन, जाकिर रजा, खेलन साहू, थानु पटेल, लोकनाथ साहू, डोमार साहू,लिकेश यादव, संतू यादव, तनवीर राजपूत, दुलेन्द्र नेगी, गजेन्द्र यादव, हरिश्चर पटेल, नजीब बेग, त्रिभुवन पटेल एवं बड़ी संख्या में नगर के लोग उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर भाजपा मंडल द्वारा लालचौक में मंडल अध्यक्ष संतोश यादव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर में योगेश शर्मा, जनपद पंचायत मैनपुर में अध्यक्ष मोहना नेताम एवं नंदकुमारी राजपूत, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बीएमओ डॉ. गजेन्द्र ध्रुव, जिला सहकारी बैंक में यमराज ओटी, तहसील



कार्यालय में तहसीलदार श्री मेहता, ग्राम पंचायत मैनपुर में सरपंच हनिता नायक, पीडब्ल्यूडी कार्यालय में संजय यादव, पशु चिकित्सालय में डॉ. योगेश नायक, वन विभाग में रेंजर डीके सोनी, बिजली विभाग में संजीव बंजारे, विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय में बीईओ महेश पटेल, महिला बाल विकास विभाग में लीलावती सेन, कृषि विभाग में वरिष्ठ कृशि अधिकारी जी के ठाकुर ने ध्वजारोहण किया और मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों शासकीय कार्यालयो में ध्वजारोहण किया गया।



स्कूली छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकालकर जगह-जगह सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज सभी स्कूलो के छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकालकर जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में सुबह से दोपहर 3 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और बच्चों को पुरस्कार भी दिया गया। मैनपुर कन्या स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक झांकी निकाली गई।

# गणतंत्र दिवस समारोह में शिक्षक सुदामा प्रसाद लोधी सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा**

77वीं गणतंत्र दिवस समारोह शासकीय प्राथमिक शाला हरदी विकासखंड -छुरा जिला -गरियाबंद में हर्षोल्लास से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत हरदी के सरपंच गोमती संतु राम ध्रुव जी , अध्यक्षता ग्राम पटेल संतराम कंवर ,विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच एवं उपसरपंच संघ के ब्लाक अध्यक्ष रूपनाथ बंजारे जी, थानूराम तारक, चमन यादव एस एम सी अध्यक्ष पी एस, चम्पा बाई कंवर अध्यक्ष एस एम सी एम एस, सभी पंच गण व वरिष्ठ नागरिकों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका व छात्र -छात्राओं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति में सर्वप्रथम भारत माता की मूर्ति व राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झण्डे की पूजा-अर्चना के बाद अतिथियों का स्वागत पश्चात प्राथमिक शाला में ग्राम पटेल संतराम कंवर, माध्यमिक शाला में श्म्पा बाई कंवर, आंगनबाड़ी केंद्र -1 में दुलारी बाई कंवर, आंगनबाड़ी केंद्र -2 में शैल



बाई कंवर , आंगनबाड़ी केंद्र-3 में लता बाई कंवर, ग्राम पंचायत हरदी में सरपंच गोमती संतु राम ध्रुव जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। आंगनबाड़ी,प्राथमिक शाला व माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग देश भक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दिये व सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया इसी कड़ी में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदी के नवाचारी व कबाड़ से जुगाड़ ,नेशनल अवार्ड व मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण, लिम्फा बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से संकलित पुस्तक के कार्यकारिणी सदस्य शिक्षक सुदामा प्रसाद लोधी को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य करने के कारण उन्हें प्रणाम पत्र,शाल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित कर अग्रिम शुभकामनाएं व बधाई दिया । कार्यक्रम के अंत में उपसरपंच रुपनाथ बंजारे जी ने सत्र 2025-26 में कक्षा पहिली से आठवीं तक प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र -छात्राओं को पुरस्कृत करने की घोषणा किया, मंच संचालन दीपक तिवारी सर व छात्र -छात्राओं को कार्यक्रम के लिए प्रधानपाठक धनेश्वरी मार्कण्डेय व उच्च श्रेणी शिक्षिका शांतिप्रभा मिंज मेडम द्वारा तैयार किया गया।कार्यक्रम का समापन रूप सिंह ध्रुव सर जी के द्वारा किया गया।

# मोंगरा के स्कूलों में फहराया गया तिरंगा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा**

ग्राम पंचायत मोंगरा के शासकीय स्कूलों में ध्वजारोहण का कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।पूर्व माध्यमिक शाला में शाला प्रबंधन शिक्षा समिति के अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को संबोधित



करते हुए शिक्षा के महत्व को समझाया और बच्चों को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं, प्राथमिक शाला मोंगरा में शाला प्रबंधन शिक्षा समिति के अध्यक्ष लखन लाल कुम्हार के कर-कमलों द्वारा ध्वजारोहण संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथिः कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच मनीराम नांगवशी, उपसरपंच पीलम राम नेताम और बंजारा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र नायक विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिक्षकों का योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों की भूमिका अहम रही। पूर्व माध्यमिक शाला से शिक्षक रामरतन मरकाम, जयलाल ध्रुव, इन्दु साहू और विमला पटेल तथा प्राथमिक शाला से शिक्षक मंगलमूर्ति सोनी और दिनेश्वरी ध्रुव ने सक्रिय योगदान दिया।







| Model | PRICE WITHOUT EXPO | PRICE ON EXPO | EXPO SAVING |
|---|---|---|---|
| Celerio VXI | 593446 | 510233 | 83213 |
| New ALTO K10 LXI | 460131 | 388037 | 72094 |
| New S-PRESSO VXI | 493052 | 419083 | 73969 |
| WagonR VXI | 634115 | 548382 | 85733 |
| EECO 5 STR AC | 640750 | 554884 | 85866 |
| NEW SWIFT VXI | 763556 | 667433 | 96123 |
| NEW DZIRE VXI | 825362 | 765165 | 60197 |
| NEW BREZZA LXI | 946412 | 837952 | 108461 |
| NEW ERTIGA VXI | 1125253 | 1046282 | 78971 |
| VICTORIS LXI | 1222646 | 1099153 | 123493 |

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने इंजीनियर आयुष सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**नवापारा-राजिम।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह ने कार्यपालन अभियंता जल प्रबंध संभाग क्रमांक 1 के अभनपुर-नवापारा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए युवा इंजीनियर आयुष सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में अनुकरणीय सेवा, जिम्मेदारी और बेहतर कार्य निष्पादन के लिए दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने में ऐसे समर्पित अधिकारी-कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इंजीनियर आयुष सिंह द्वारा किए गए कार्य न केवल प्रशंसनीय हैं, बल्कि अन्य अधिकारियों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। सम्मान प्राप्त होने पर इंजीनियर आयुष सिंह के प्रति अभनपुर-नवापारा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं सहयोगी कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया गया यह सम्मान समारोह प्रशासनिक उत्कृष्टता और सेवा भावना को प्रोत्साहित करने वाला रहा।

### अकलवारा में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** सरस्वती शिशु मंदिर अकलवारा में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम देखने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावक और ग्रामवासी एकत्र हुए। उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और अध्यापकों के प्रयासों को भी सराहा। प्रधानाध्यापक रामाधार साहु ने बताया कि बच्चों ने कार्यक्रम को बहुत अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया। इस दौरान शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रेमसिह घसियाराम, बीआर साहू व ग्राम के वरिष्ठ नागरिक महिलाओं सभी भैया बहिन संस्था प्रमुख रामाधार साहू पध्नाचार्य, आचार्या श्रीमतिपिति दुबे, चमेली, वर्षा, उर्वशी, दुर्गा, लिलेश्वरी ममता सहित विद्यालय के सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

### प्रथम बार साहू समाज भवन लोहरसी प्रांगण में अध्यक्ष ने फहराया तिरंगा



**कोपरा।** प्रदेश साहू संघ के निदेशक अनुसार प्रत्येक ग्रामीण साहू समाज भवन परिसर में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर तिरंगा फहराने निर्देशित किया गया था जिसका परिपालन करते हुए को जेंजरा परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोहरसी साहू समाज भवन पर ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष गणेश राम साहू ने प्रथम बार साहू समाज भवन पर ध्वजारोहण किया इस दौरान अध्यक्ष के चेहरे पर खुशी और देश प्रेम साफ झलक रहा था। इस दौरान ग्रामीण साहू समाज सचिव यशवंत साहू, उपाध्यक्ष नंद कुमार साहू, ऑडिटर देवलाल साहू, संगठन महामंत्री लेखन साहू, संरक्षक सोहनलाल साहू, धनीराम साहू, शिव साहू, छन्नू साहू, बेनी साहू, नानूराम साहू, रामेश्वर साहू, बलराम साहू, समाज सेवा शंकर साहू एवं युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष उरेन्द्र साहू मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस पर चौक-चौराहों पर फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज

**नर्रा।** 77 वें गणतंत्र दिवस ग्राम पंचायत नर्रा में हर्षोल्लास के साथ ही मनाया गया। स्कूली बच्चों द्वारा गांव के गलियों में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें ग्राम के जनप्रतिनिधिगण सम्मिलित हुए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भवन परिसर में सरपंच नामेश्वरी दीवान ने सर्वप्रथम भारत माता की तैल चित्र के समक्ष पूजा अर्चन व श्रीफल तोड़कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

**दिवस : स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, विभागों की झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र**

# 77वें गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति का सैलाब मंत्री दयाल दास बघेल ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात मंत्री बघेल ने कलेक्टर बीएस उइके एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के साथ परेड का निरीक्षण किया।

- जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस, शहीदों के परिजनों का सम्मान

उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन कर जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान खुशी और समृद्धि के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। मुख्य अतिथि द्वारा शहीदों के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति, परंपरा एवं देशभक्ति से ओतप्रोत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। उच्चतर माध्यमिक स्तर पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय पीपरछेड़ी को प्रथम, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय गरियाबंद को द्वितीय एवं कमार आवासीय विद्यालय गरियाबंद को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

माध्यमिक स्तर पर पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास गरियाबंद प्रथम, एंजल्स एंग्लो हायर सेकेंडरी स्कूल द्वितीय तथा सरस्वती शिशु मंदिर गरियाबंद को तृतीय पुरस्कार मिला।







### अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

शासकीय सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, आयुष, कृषि, वन, विद्युत एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वनमंडलाधिकारी शशिगानंदन के, उप निदेशक वरुण जैन, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरेन्द्र पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, अनिल चन्द्राकर, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मार्चपास्ट व परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन

परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक सनत कुमार ठाकुर सहित सभी प्लाटून कमांडरों को सम्मानित किया गया। मार्चपास्ट वर्ग 'ए' में 17वीं/19वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल को प्रथम, जिला पुलिस बल (पुरुष) को द्वितीय एवं जिला पुलिस बल (महिला) को तृतीय स्थान मिला। वर्ग 'बी' में एसपीसी कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रथम, गाइड कन्या शासकीय विद्यालय द्वितीय एवं सेजस बालक गरियाबंद स्काउट तृतीय स्थान पर रहा।

### विभागीय झांकियां रहीं आकर्षण को केंद्र

आदिवासी विकास, कृषि, पशुधन, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, वन, जल संसाधन तथा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को दर्शाती आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। झांकी प्रतियोगिता में समग्र शिक्षा विभाग को प्रथम, आदिवासी विकास विभाग को द्वितीय एवं वन विभाग को तृतीय पुरस्कार मिला।

### सरपंच भानू ने किया ध्वजारोहण





**राजिम।** राजिम क्षेत्र के बड़ा गांव पांडुका ग्राम पंचायत में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का पर्व पूरे हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच सुश्री भानु ध्रुव ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। सरपंच ने ग्राम विकास, स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत का प्रत्येक नागरिक यदि अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करे तो गांव प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू सकता है। कार्यक्रम में पंचगण, ग्रामवासी, महिला समूह, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस का यह आयोजन गांव में देशभक्ति और जागरूकता का संदेश देकर यादगार बन गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सचिव राज साहू,गांव के वरिष्ठ नागरिक बिसन साहू, रामकिशोर शर्मा, नागेन्द्र साहू, उपसरपंच द्विवेदी ,ओमप्रकाश बागे, पंच पवन टोडर, गौतम शर्मा, श्री देवांगन,, जयसिंग, मोनू ध्रुव, लता तारक, आशा साहू, भोज ध्रुव, रेखा ध्रुव, महेश्वरी कंवर, पदमिनी ध्रुव, सुरेखा कंवर, श्यामबाई ध्रुव, कंचन सिन्हा, नरेश शर्मा, जवाहर शर्मा, मोनू तारक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## भारत का संविधान देश को एकता के सूत्र में बांधता है : इंद्रकुमार







हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नगर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शहर के हृदय स्थल पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में प्रातः 7 बजे वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी पारसमल गोलछा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। नगर पालिका कार्यालय में आयोजित भव्य गरिमामय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने राष्ट्र ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी। कार्यकम में नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सीएमओ लवकेश कुमार पैकरा, सभापति सहदेव कंसारी, सचिन सचदेव, पार्षदगण एवं नगरवासी उपस्थित रहे। शहर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता पारसमल गोलछा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पार्षदगण, नगर के वरिष्ठ नागरिकगण एवं विभिन्न स्कूलों के बच्चे शामिल हुए। नगर के सबसे प्रतिष्ठित पी एम श्री शासकीय हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय में गणतंत्र दिवस गरिमामय एवं भव्य कार्यक्रम के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नवापारा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, मेघनाथ साहू, पालिका के पूर्व अध्यक्ष देहुति साहू,साधना सौरज,धनमती साहू, हर्षा कंसारी, तनु मिश्रा, मुकुंद मेश्राम, मयाराम साहू,कैलाश तिवारी , सचिन सचदेव, सांसद प्रतिनिधि नवलकिशोर साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सौरभ जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक एनसीसी, स्काउट परेड को विधायक इंद्रकुमार एवं आमंत्रित अतिथियों ने सलामी दी। मुख्य मंच से विधायक साहू ने अपने उदबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस का पर्व भारत की गरिमा का प्रतीक है। भारत के अमर शहीदों के शौर्य को नमन करते हुए विधायक इंद्रकुमार साहू ने उपस्थित जनसमूह, विधानसभा क्षेत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। कहा कि भारत का संविधान देश को एकता के सूत्र में बांधता है। हमें भारत के संविधान पर गर्व है। विधायक इंद्रकुमार ने स्कूली छात्राओं को सायकल वितरण किया।

### दस माह में दस करोड़ से अधिक के विकास कार्य की मंजूरी : ओमकुमारी

नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने इस अवसर पर कहा कि विगत दस माह में नगर में 10 करोड़ रुपए के विकास कार्यो को मंजूरी मिली है। 292 प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति पश्चात निर्माण जारी है। नगर के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। कहा कि विधायक इंद्रकुमार साहू के मार्गदर्शन में नवापारा नगर विकास की राह पर अग्रसर है। अध्यक्ष ओमकुमारी ने नगर में हो रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

## सरपंच हेमलाल ने फहराया तिरंगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ग्राम पंचायत रानीपरतेवा में सरपंच हेमलाल नेताम ने तिरंगा झंडा फहरा कर सलामी दी। ग्राम पंचायत रानीपरतेवा में उस सयम ऐतिहासिक क्षण रहा जब हेमलाल नेताम ने लगातार वर्ष 2015 से 2020 तक एवं उनकी पत्नी श्रीमती केशरी नेताम ने वर्ष 2020 से 2025 तक सरपंच रही। 2025 से वर्तमान में हेमलाल नेताम ने लगातार अपने तीसरे कार्यकाल में गणत्रंत्र दिवस के 77 वां वर्षगाठ पर अपने पंच एवं जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों और भारी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की उपस्थिति में हमारे देश की आन बान शान के प्रतिक तिरंगा झंडा को शान से फहराया। विभिन्न चौक चैराहे से होता हुआ हजारों की संख्या में ग्रामीण जन एवं स्कूली छात्र-छात्राएं गगनभेदी नारे लगाते हुए पूरे जोश के साथ विशाल रैली अपने चहेते सरपंच हेमलाल नेताम के साथ पंचायत भवन पहुंचे जहां विधिवत अपने उपसरपंच, पंचों के साथ पूजा अर्चना कर तिरंगा फहराया और सलामी दी। ग्राम पंचायत रानीपरतेवा द्वारा सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था किया गया था। गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम को सफल बनाने कि लिए गणमान्य नागरिकगण, जनप्रतिनिधिगण, शिक्षक समुदाय और स्कूली छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।



### तहसील पत्रकार कार्यालय में किया गया ध्वजारोहण

**मैनपुर।** मैनपुर तहसील मुख्यालय नगर के तहसील पत्रकार कार्यालय में गणतंत्र दिवस का पर्व के अवसर पर भारत माता की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर वरिष्ठ पत्रकार शेख हसन खान ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर मैनपुर नगरवासी, छात्र, स्थानीय अधिकारी कर्मचारी पत्रकार साथी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आईएसबीएम विश्वविद्यालय में मना 77वां गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा–कोसमी, छुरा में 77वां गणतंत्र दिवस गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण, सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं गणतंत्र के मूल्यों पर आधारित संक्षिप्त संबोधन आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद महलवार कुलसचिव डॉ बीपी भोल के साथ छुरा तहसील के तहसीलदार गैंदलाल साहू एवं नायब तहसीलदार दोनेंद्र साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर छुरा तहसील के तहसीलदार गैंदलाल साहू ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि हमारे लोकतांत्रिक संकल्पों का उत्सव है। यह दिन हमें यह स्मरण कराता है कि भारत की शक्ति उसकी लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान में निहित है। गणतंत्र हमें कानून के प्रति सम्मान, कर्तव्यबोध और नागरिक जिम्मेदारी का संदेश देता है। युवा पीढ़ी से अपेक्षा है कि वह संविधान के मूल्यों को आत्मसात कर एक सशक्त और समावेशी भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाए। नायब तहसीलदार दोनेंद्र साहू ने कहा कि 26 जनवरी के दिन हमें सिखाता है कि गणतंत्र केवल शासन व्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिक चेतना का नाम है। जब प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों को समझता है, तभी लोकतंत्र मजबूत होता है।



विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद महलवार ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियाँ, विशेषकर इसरो की अंतरिक्ष यात्राएँ, देश की बौद्धिक क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक हैं। उन्होंने देश की सुदृढ़ होती अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका निरंतर मजबूत हो रही है। इस कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिवाकर तिवारी ने किया तथा कार्यक्रम का संयोजन ट्विंकल दीपक और विकास साहू ने किया।

## छुरा के नपं प्रांगण में किया गया ध्वजा रोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

गणतंत्र दिवस के 76 वें वर्षगांठ पर नगर पंचायत प्रांगण में अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद, गांधी मैदान (शीतला मंदिर प्रांगण) में सभापति गरिमा ध्रुव एवं मुख्य परेड ग्राउंड में पार्षद सलीम मेमन द्वारा ध्वज उत्तोलन किया गया। सस्वर राष्ट्रगान उपरांत मां भारती एवं अमर शहीदों का जयघोष किया गया। वन्दे मातरम गीत के 150 वाँ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संगीतबद्ध सामूहिक वन्दे मातरम् गीत का गायन किया गया। मंच संचालक शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा के कमांडिंग में सभी विद्यालय के बच्चों के द्वारा बैंड की मधुर थाप पर आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया। ध्वजवाहकों द्वारा तिरंगे झंडे को नमन किया गया। नन्हे -नन्हे कदमों की मधुर ध्वनि, बैंड के थाप से समूचा छुरा नगर देशप्रेम से ओतप्रोत रहा। राष्ट्रीय पर्व का जश्न मनाने पूरा छुरा नगर उमड़ पड़ा। शालेय विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, पारंपरिक बारहमासी गीत, आदिवासी गीत, बस्तरिहा गीत पर मनोरम प्रस्तुति दी गई। शॉर्ट ड्रामा द्वारा देशभक्ति का जज्बा भरा गया। ऑपरेशन सिंदुर, नगर को स्वच्छ, स्वस्थ, समृद्ध बनाने, एक पेड़ मां के नाम आदि को पिरोते हुए लयबद्ध प्रस्तुति दी गई। आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा के भूतपूर्व छात्र शहीद महेंद्र सिंह ध्रुव एवं शहीद राजेश कुमार ध्रुव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अमर शहीदों के शौर्य गाथा का वाचन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भारत का संविधान, नारी शक्ति की अस्मिता का प्रतीक है। उन्होंने सभी शिक्षकों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की छिपी हुई कला को बढ़ाने का जो पुनीत कार्य आप कर रहे हैं उससे हमारे नगर का मान बढ़ा है। पार्षद देवसिंग नेताम ने कहा कि संविधान, भारत का सर्वोच्च कानून है। हमारा संविधान पूरी दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल समीम खान रिज़वी, सभापति बलराज पटेल, भोलेशंकर जायसवाल, रजनी लहरे, चित्ररेखा ध्रुव, गरिमा ध्रुव, पार्षद दीप्ति यादव, यामीन ट्रांसजेंडर, हरीश यादव, रामजी दीवान, शांतनु देवांगन, पंचराम टंडन, देवसिंग नेताम, यशपेन्द्र शाह, थानसिंग निषाद, रमेश शर्मा, रमेश जायसवाल, मानसिंग निषाद, ईस्माइल मेमन, सुजल कोठारी, तुलसी राम साहू, केआर सिन्हा, राम बाई सिन्हा, मोहन साहू नगरवासी उपस्थित रहे।



